>

Title: Need to implement 'Swajaldhara' Scheme in Mehsana Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा में पेयजल का अभाव है। लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है और गैस और पैट्रोलियम के कुंओं में खुदाई एवं गैस एवं तेल निकालने की प्रक्रिया से पानी में फ्लोराइड तत्व मिल गये हैंष जिसके पीने से लोग बीमार पड़ गये हैं और विक्लांग हो रहे हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में स्वजलधारा की 37 योजनाएं पूरी की गई हैं। अगर योजनाएं पूरी हो गई हैं, तो लोगों को पानी मिलना चाहिए परन्तु इन योजनाओं के क्रियान्वयन किये जाने के बाद भी पेयजल का संकट अभी बरकरार है। अगर यह 37 योजनाएं पूरी हो गई होतीं, तो पेयजल की स्थिति मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाना में अच्छी हो गई होती।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाना में जो पेयजल की भीÂ◌ाण समस्या है उसके समाधान के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय स्वजलधारा की और कई योजनाएं चलाने का कष्ट करें।